**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**04.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**आपदा**

प्रदेश में मॉनसून की भारी वर्षा, भूस्खलन व बादल फटने की घटनाओं से राज्य में अब तक 7 सौ करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान प्राकृतिक आपदा से हुआ है। आज शिमला में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ये जानकारी दी। बैठक में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के आपदा प्रभावितों को रहने के लिए 5 हजार रुपये मासिक किराया देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गृहमंत्री अमित शाह से भी बात हुई है और उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए केंद्रीय टीम भी आज हिमाचल पहुंच रही है। उन्होंने एक साथ बादल फटने की इतनी घटनाओं पर चिंता जताते हुए इसका अध्ययन कर कारणों का पता लगाने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को आपदा में राजनीतिक रोटियां सेंकने के बजाए लोगों की मदद करने की सलाह दी है।

**सड़क सुरक्षा**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा है कि देश में अत्यधिक दुर्घटना संभावित क्षेत्र–ब्लैक स्पॉट की पहचान और विश्लेषण की तत्काल आवश्यंकता है ताकि दुर्घटना के कारणों को समझा जा सके और इनसे निपटने के लिए उपाय लागू किये जा सकें। नई दिल्ली में सडक सुरक्षा और नवाचार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अजय टम्टा ने सभी हितधारकों और शिक्षाविदों को लोगों के लिए सडक को ज्यादा सुरक्षित बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य सडक सुरक्षा के लिए ठोस, साक्ष्य आधारित और कार्यान्वयन योग्य सिफारिश करना है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि देश का स्पष्ट उद्देश्य वर्ष 2030 तक सडक दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। अजय टम्टा ने कहा कि सरकार निरंतर तकनीकी प्रगति के माध्यम से सड़क बुनियादी ढांचे को 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप बनाने और राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को विश्व स्तर पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**नड्डा**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल से मुलाकात की। इस दौरान तीसरी बार प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बने राजीव बिंदल ने प्रौफेसर प्रेम कुमार धूमल का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विधायक त्रिलोक जमवाल, और आशीष शर्मा भी मौजूद

रहे। इस बीच जगत प्रकाश नड्डा का आज पालमपुर में पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार से भी मिलने का कार्यक्रम है।

**मौसम**

प्रदेश में मानसून की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर आज भी जारी है। इस मानसून सीजन में भारी बरसात व बादल फटने की घटनाओं से प्रभावित मंडी जिला में अब तक मरने वालों की संख्या 20 पहुंच गई है जबकि 31 अन्य लापता हैं। मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में 5 जुलाई से 8 जुलाई तक भारी से बहुत भारी बारिश, आंधी और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाद्दाता...........

हिमाचल प्रदेश में बीते 24 घंटों में कई स्थानों में बारिश की तीव्रता में थोड़ी कमी आई है और कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज़ की गई है । हालांकि मौसम विभाग के अनुसार मानसून की सक्रियता अगले कुछ दिनों में और बढ़ सकती है जिससे पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन, पेड़ गिरने, नदियों का जलस्तर बढ़ने की आशंका है। इस बीच बीते दिनों की भारी बारिश के कारण प्रदेश के कई इलाकों में जनजीवन अभी भी अस्त –व्यस्त है। प्रदेश में 280 सड़कें यातायात के लिए अवरुद्ध हैं जबकि 3 सौ 32 बिजली ट्रांसफार्मर और 700 से अधिक पेयजल योजनाएं प्रभावित हैं। भारी बारिश, बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं से मंडी ज़िला सबसे अधिक प्रभावित हुआ है, यहाँ इस मानसून सीजन में अब तक 20 लोगों की मृत्यु हुई है जबकि 31 अन्य लापता हैं। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें लगातार लापता लोगों की तलाश में जुटी हुई हैं। उन्होंने बताया कि ज़िला का सबसे अधिक प्रभवित सराज क्षेत्र के अति दुर्गम पियाला डेजी सहित दो अन्य गावों में फंसे 65 लोगों को आज सुबह सुरक्षित निकाल लिया गया है, और प्रशासन प्रभवितों को लगातार राहत सामग्री और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवा रहा है। उधर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सभी अधिकारियों को प्रदेश में राहत और बचाव कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। इस बीच मौसम विभाग ने राज्य के अधिकतर क्षेत्रों में 5 जुलाई से 8 जुलाई तक भारी से बहुत भारी बारिश, आंधी और बिजली गिरने की चेतावनी के मध्यनज़र लोगों से सतर्क रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने और प्रशासन के दिशा निर्देशों का पालन करने की सलाह दी है ।

**रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला**

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और खेल के विकास पर बल दिया है। उन्होंने राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण में प्रदेश की उल्लेखनीय प्रगति पर अधिकारियों और शिक्षकों की सराहना की है। शिमला में शिक्षा विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में गुणवतापूर्ण शिक्षा, बेहतर ढांचे और खेल सुविधाओं को मजबूत करने के लिए कई नए सुधार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनएएस सर्वेक्षण में प्रदेश 21वें स्थान से 5वें स्थान पर पहुंच गया है, जो राज्य सरकार की प्रभावी नीतियों और शिक्षकों के महत्वपूर्ण योगदान का परिणाम है।

---